भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान(मानद विश्वविद्यालय)
ICAR-National Dairy Research Institute (Deemed University)
करनाल, हरियाणा (भारत). पिन-132 001.
Karnal, Haryana (India). PIN-132 001
( ईमेल Email : hindicell.ndri@icar.gov.in )

फा.सं. 12-6/हिंदी कार्यशाला संगोष्ठी/राडेअनुसं दिनांक : 14.02.2024

## कार्यालय आदेश

इस कार्यालय आदेश के माध्यम से संस्थान के सभी संयुक्त निदेशकों, प्रभागों के अध्यक्ष एवं अनुभागों के प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि संस्थान के राजभाषा एकक द्वारा दिनांक 05.03.2024 को अपराह्न 3.00 बजे से डा. एन.एन.दस्तूर सभागार में अपनी हिन्दी सुधारें एवं हिन्दी की तिमाही रिपोर्ट भरने में आने वाली समस्याओं को दूर करने के विषय पर एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। श्री धीरज शर्मा, संयुक्त निदेशक (राजभाषा) उपरोक्त विषय पर व्याख्यान देंगे तथा अपनी हिन्दी सुधारें एवं हिन्दी की तिमाही रिपोर्ट भरने के क्रम में आने वाली समस्याओं का निराकरण भी करेंगे।

**संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप-समिति द्वारा की गई टिप्पणियों के आलोक में संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दो वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होना ही है।**

इसी क्रम में भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के संयुक्त निदेशकों, प्रभागों के अध्यक्ष एवं अनुभागों के प्रभारियों से निवेदन है कि वो अपने प्रभाग/अनुभाग के कम-से-कम एक प्रतिनिधि को हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होने के लिए अनिवार्य रूप से नामित करें। हिन्दी कार्यशाला में सम्मिलित होने प्रतिनिधि/प्रतिनिधियों के नाम दिनांक 25.02.2024 तक अनिवार्य रूप से राजभाषा एकक को सूचित कर कृतार्थ करें।

(यह कार्यालय आदेश निदेशक महोदय के अनुमोदनोपरांत जारी किया जा रहा है।)

धीरज शर्मा
**प्रभारी, राजभाषा एकक**

<u>प्रतिलिपि:</u>

1. निदेशक, भाकृअनुप-राडेअनुसं, करनाल को उनके प्रधान निजी सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
2. संस्थान के सभी प्रभागों/अनुभागों के वैज्ञानिक, प्रशासनिक/तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारियों को उनके अध्यक्ष/प्रभारी के माध्यम से ईमेल द्वारा सूचनार्थ।
3. प्रभारी, संचार केन्द्र को मिनी ऑडिटोरियम की व्यवस्था हेतु।
4. प्रभारी, फोटोग्राफी प्रकोष्ठ को फोटोग्राफी की व्यवस्था हेतु।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर केन्द्र को संस्थान के वेबसाइट एवं ई-ऑफिस नोटिस बोर्ड पर अपलोडिंग बावत्।